भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2957
उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2020

मध्य प्रदेश में मोबाइल टॉवर

2957. श्री कृष्ण पाल सिंह यादवः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोक नगर जिलों में अपर्याप्त मोबाइल टॉवरों की संख्या के कारण मोबाइल उपयोगकर्ताओं को मोबाइल नेटवर्क संपर्क नहीं मिल रहा है;
(ख) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और
(ग) उक्त जिलों में पर्याप्त और आवश्यक संख्या में मोबाइल टॉवरों की स्थापना करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए है?

उत्तर
संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) से (ग) भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) तिमाही निष्पादन निगरानी रिपोर्ट (पीएमआर) के माध्यम से समय-समय पर जारी किए गए सेवा विनियमों की गुणवत्ता के रूप में ट्राई द्वारा निर्धारित विभिन्न सेवा की गुणवत्ता के मानकों के लिए बनाए गए बेंचमार्क के अनुसार दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के निष्पादन की निगरानी कर रहा है। किसी एक लाइसेंस सेवा क्षेत्र (एलएसए) के निष्पादन का मूल्यांकन समग्र रूप से किया जाता है। इसलिए, ट्राई में जिलों के लिए अलग से कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवाओं के लिए दिसंबर **2019** को समाप्त होने वाली तिमाही से संबंधित निष्पादन निगरानी रिपोर्ट (पीएमआर) के अनुसार**,** सभी टीएसपी बड़ी संख्या में मध्य प्रदेश सेवा क्षेत्र में नेटवर्क से संबंधित सभी मापदंडों का अनुपालन कर रहे हैं। इसलिए**,** मोबाइल टॉवरों की अपर्याप्त संख्या के कारण मध्य प्रदेश सेवा क्षेत्र में सेवाएं खराब नहीं हैं।

जारी.....2/

इसके अतिरिक्त, दिनांक **31.12.2019** की स्थिति के अनुसार दूरसंचार विभाग की फील्ड इकाइयों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, गुना जिले के **1264** बसे हुए गाँवों में से **19** गाँव, शिवपुरी जिले के **1305** बसे हुए गाँवों में से **40** गाँव और मध्य प्रदेश में अशोक नगर जिले में **818** बसे हुए गाँवों में से **15** गाँव मोबाइल सेवाओं से कवर नहीं किए गए है। देश में कवर न किए गए गांवों में मोबाइल कवरेज चरणबद्ध तरीके से सरकार और टीएसपी द्वारा प्रदान की जा रही है। दिनांक **05.03.2020** की स्थिति के अनुसार गुना, शिवपुरी और मध्यप्रदेश में अशोक नगर जिले में मोबाइल टावरों की संख्या क्रमशः 612, **724** और 376 हैं और इन जिलों के लिए बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) की संख्या क्रमशः 1943, **2244** और 1089 है। इसके अलावा, टीएसपी द्वारा कवरेज में सुधार और/ या उनकी तकनीकी-व्यावसायिक आवश्यकताओं पर आधारित नेटवर्क की क्षमता के लिए निरंतर आधार पर नए मोबाइल टावर / बीटीएस लगाए गए हैं।

इसके अलावा, चार राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान के इच्छुक जिलों (एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट) में **502** कवर रहित गाँवों में **4** जी आधारित मोबाइल सेवाओं के प्रावधान के लिए इच्छुक जिला (एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट) स्कीम चलाई गई है, जिसमें मध्य प्रदेश राज्य के **205** कवर रहित गांवों को अनुमोदन दिया गया हैं। गुना मध्य प्रदेश राज्य के ऐसे इच्छुक (एस्पिरेशनल) जिलों में से एक है।

सरकार ने देश में अवसंरचना विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए कई नीतिगत पहल भी की हैं जिसमें व्यापार/सांझेदारी/स्पेक्ट्रम के उदारीकरण, निष्क्रिय और सक्रिय बुनियादी ढाँचे की सांझेदारी की अनुमति देना, मार्गाधिकार नियम **2016** की अधिसूचना, टावर आदि की स्थापना के लिए सरकारी भूमि/ भवन उपलब्ध कराना शामिल है।

*****